"NCC Cadets of CMK National PG College, Sirsa, took to the streets on December 24, 2024, to spread awareness about the dangers of drug abuse.  Under the guidance of 3 Har Girls BN NCC,Led by CTO, Dr. Rama Sarraf, the cadets organized a rally to educate the community about the harmful effects of drugs and promote a healthy lifestyle."

3:48 PM

# नशा करने से मानसिक विकास अवरुद्ध हो जाता है : डा. रंजना

जागरण संवाददाता•सिरसा : सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एनसीसी विद्यार्थियों ने नशा रोकथाम व जागरूकता रैली निकाली। एनसीसी के विद्यार्थियों ने रैली के माध्यम से आमजन को नशे से दूर रहने व नशे के विरुद्ध अभियान में सहयोग करने की अपील की। प्राचार्या डा. रंजना ग्रोवर ने कहा कि नशा व उससे संबंधित गतिविधियों से मानसिक विकास एकदम अवरुद्ध हो जाता है, जिस कारण व्यक्ति का मानसिक संतुलन, शारीरिक विकास अवरुद्ध हो जाता हैं। इसलिए सदैव नशे से दूर रहना चाहिए और सकारात्मक होकर जागरूक रहकर उत्तम जीवन व्यतीत करना चाहिए। इसी में सर्वहित, समाज कल्याण, राष्ट्रहित हैं। एक आदर्श समाज में नशा व उससे संबंधित गतिविधियों का कोई स्थान नहीं है। नशे से ना केवल शारीरिक विकास बाधित होता हैं अपितु इससे राष्ट्र, समाज की हानि होती हैं। वाणिज्य विभाग की प्रवक्ता डा. रमा सर्राफ ने कहा कि विद्यार्थी जीवन अमूल्य हैं, जिसकी नींव अनुशासन पर आधारित होती हैं इसलिए जीवन में अनुशासन का होना परम आवश्यक है। सकारात्मक सोच से जीवन व्यतीत करना ही सर्वहितकारी है और हमेशा नशे से मुक्त रहना चाहिए इसी में समाज का कल्याण हैं।




सीएमके कालेज में नशे के प्रति जागरूकता रैली निकालते एनसीसी के विद्यार्थी • विज्ञप्ति

दैनिक जागरण
25/12/2024

# नशे की रोकथाम को लेकर एन.सी.सी. विद्यार्थियों ने निकाली रैली




रैली निकालते विद्यार्थी।

सिरसा, 24 दिसंबर (स.ह): सी.एम.के. नैशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एन.सी.सी. विद्यार्थियों द्वारा नशे की रोकथाम व जागरूकता अभियान के अंतर्गत एक रैली निकाली जिसमें उन्होंने आमजन को नशे से मुक्त रहने का संदेश दिया।

इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रंजना ग्रोवर ने कहा कि नशे व उससे संबंधित गतिविधियों से मानसिक विकास एकदम अवरुद्ध हो जाता है, जिस कारण व्यक्ति का मानसिक संतुलन, शारीरिक विकास अवरुद्ध हो जाता है। इसलिए सदैव नशे से दूर रहना चाहिए और सकारात्मक होकर उत्तम जीवन व्यतीत करना चाहिए। इसी में सर्वहित व समाजहित है।

उन्होंने कहा कि एक आदर्श समाज में नशा व उससे संबंधित गतिविधियों का कोई स्थान नहीं है। नशे से न केवल शारीरिक विकास बाधित होता है, अपितु इससे राष्ट्र, समाज की हानि होती है।

रैली में उपस्थित विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए महाविद्यालय की वाणिज्य विभाग की प्रवक्ता व सी.टी.ओ. डॉ. रमा सर्राफ ने कहा कि विद्यार्थी जीवन अमूल्य है जिसकी नींव अनुशासन पर आधारित होती है, इसलिए जीवन में अनुशासन का होना परम आवश्यक है।


पंजाब केसरी
25/12/2024

**जागरूक** | विद्यार्थी के जीवन में अनुशासन परम आवश्यक : डॉ. रमा

# नशे की रोकथाम को लेकर एनसीसी विद्यार्थियों ने निकाली जागरुकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एन.सी.सी. विद्यार्थियों द्वारा नशे की रोकथाम व जागरुकता अभियान के अंतर्गत एक रैली निकाली, जिसमें उन्होंने आमजन को नशे से मुक्त रहने का संदेश दिया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रंजना ग्रोवर ने कहा कि नशे व उससे संबंधित गतिविधियों से मानसिक विकास एकदम अवरुद्ध हो जाता है, जिस कारण व्यक्ति का मानसिक संतुलन, शारीरिक विकास अवरुद्ध हो जाता है। इसलिए सदैव




सिरसा। नशे की रोकथाम को लेकर रैली निकालते एनसीसी विद्यार्थी।

नशे से दूर रहना चाहिए और सकारात्मक होकर उत्तम जीवन व्यतीत करना चाहिए। इसी में सर्वहित व समाजहित है। उन्होंने कहा कि एक आदर्श समाज में नशा व उससे संबंधित गतिविधियों का कोई स्थान नहीं है। नशे से न केवल शारीरिक विकास बाधित होता है, अपितु इससे राष्ट्र, समाज की हानि होती है। रैली में उपस्थित विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए महाविद्यालय की वाणिज्य विभाग की प्रवक्ता व सी.टी.ओ डॉ. रमा सर्राफ ने कहा कि विद्यार्थी जीवन अमूल्य है जिसकी नींव अनुशासन पर आधारित होती है, इसलिए जीवन में अनुशासन का होना परम आवश्यक है। सकारात्मक सोच से जीवन व्यतीत करना ही सर्वहितकारी है और हमेशा नशे से मुक्त रहना चाहिए इसी में समाज का कल्याण है।

हरि भूमि 25/12/2024

# विद्यार्थियों ने निकाली नशा विरोधी रैली

## सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में किया गया आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिरसा।** नशा रोकथाम और जागरूकता अभियान के तहत सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने रैली निकाली। विद्यार्थियों ने रैली से नशे से मुक्त रहने का संदेश दिया।

प्राचार्या डॉ. रंजना ग्रोवर ने कहा कि नशा और उससे संबंधित गतिविधियों से मानसिक विकास एकदम अवरुद्ध हो जाता है। इस कारण व्यक्ति का मानसिक संतुलन, शारीरिक विकास अवरुद्ध हो जाता हैं। इसलिए नशे से सदैव दूर रहना चाहिए। सकारात्मक होकर जागरूक [illegible] जीवन व्यतीत करना




सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रैली निकालते विद्यार्थी। स्रोत : कॉलेज

चाहिए। इसी में सर्वहित, समाज कल्याण और राष्ट्रहित समाहित है। एक आदर्श समाज में नशा और उससे संबंधित गतिविधियों के लिए कोई स्थान नहीं है। सीटीओ डॉ. रमा सर्राफ ने कहा कि विद्यार्थी जीवन अमूल्य है। इसकी नींव अनुशासन पर आधारित होती है। इसलिए जीवन में अनुशासन का होना जरूरी है।

# एनसीसी विद्यार्थियों ने नशा रोकथाम व जागरूकता के लिए निकाली रैली

पल पल न्यूजः सिरसा, 24 दिसंबर। सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 3 हरियाणा गर्ल्स बटालियन एनसीसी हिसार के निर्देशानुसार महाविद्यालय के एनसीसी विद्यार्थियों द्वारा नशा रोकथाम व जागरुकता अभियान के अन्तर्गत एक रैली




निकाली गई। एनसीसी के विद्यार्थियों ने रैली के माध्यम से नशे से मुक्त रहन व नशे के विरुद्ध निरंतर अभियान कार्यक्रम आयोजित करने को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रैली निकाली। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्या डॉ रंजना ग्रोवर ने कहा कि नशा व उससे संबंधित गतिविधियों से मानसिक विकास एकदम अवरुद्ध हो जाता है, जिस कारण व्यक्ति का मानसिक संतुलन, शारीरिक विकास अवरुद्ध हो जाता है। इसलिए सदैव नशे से दूर रहना चाहिए और सकारात्मक होकर जागरुक रहकर उत्तम जीवन व्यतीत करना चाहिए। इसी में सर्वहित, समाज कल्याण राष्ट्रहित है। एक आदर्श समाज में नशा व उससे संबंधित गतिविधियों का कोई स्थान नहीं है। नशे से ना केवल शारीरिक विकास बाधित होता है, अपितु इससे राष्ट्र, समाज की हानि होती है।


CMK NATIONAL PG COLLEGE, SIRSA
SAY NO TO DRUGS
ANTI DRUG AWARENESS CELL
WELCOMES YOU
CMK NATIONAL P.G. COLLEGE, SIRSA
3 HARYANA GIRLS BN NCC


CMK NATIONAL PG COLLEGE, SIRSA
SAY NO TO DRUGS
ANTI DRUG AWARENESS CELL
WELCOMES YOU
NATIONAL P.G. COLLEGE


CMK NATIONAL PG COLLEGE, SIRSA
SAY
DRUGS
ANTI DRUG AWARENESS
P.G. COLLEGE, SIRSA